हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 19 जून 2026

11 दो माह बाद भी नहीं हुई जीएम को दिए गए मांगपत्र पर...



12 पंचायत एवं विकास विभाग की सबसे ज्यादा...



## खबर संक्षेप

### स्नेचिंग का आरोपी चोरी की बाइक सहित दबोचा

**हिसार।** सीआईए मिलगेट टीम ने मोबाइल स्नेचिंग व मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से फोन व बाइक भी बरामद कर ली है। सीआईए प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि इस संबंध में मूल रूप से बिहार वह हाल पड़ाव चौक पर रहने वाले योगेन्द्र मंडल ने शिकायत दी थी कि 17 जून को सुबह वह काम पर जा रहा था। जहाजपुल के पास पीछे से बाइक पर आए एक युवक ने उसका फोन छीन लिया और फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच के दौरान सैनियान मोहल्ला निवासी आरोपी संजय उर्फ खचर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल स्नेचिंग की वारदात स्वीकार की, उसकी निशानदेही पर पुलिस ने फोन और वारदात में प्रयुक्त चोरी की बाइक बरामद की।

### शस्त्र अधिनियम के को में बेल जंपर गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने शस्त्र अधिनियम के मामले में फरार चल रहे बेल जम्पर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पाबड़ा निवासी कृष्ण के रूप में हुई है। पीओ स्टाफ से पीएसआई अजीत ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। अदालत से जमानत मिलने के बाद आरोपी निर्धारित तिथि पर अदालत में पेश नहीं हुआ और लगातार न्यायिक प्रक्रिया से बचता रहा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पीओ स्टाफ द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उन्होने बताया कि गुप्त सूचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर पीओ स्टाफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया।

### साइबर ठगों से पीड़ित को ₹50 हजार वापस दिलाए

**हिसार।** साइबर थाना पुलिस टीम ने साइबर ठगी के मामले में पीड़ित की 50 हजार की राशि वापस उसके बैंक खाते में रिफंड करवाई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में 13 जून को प्राप्त साइबर धोखाधड़ी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं अन्य एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया। त्वरित प्रयासों के परिणामस्वरूप ठगी गई 50 हजार की पूरी राशि पीड़ित के बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस करवा दी गई। पुलिस अधीक्षक ने साइबर थाना टीम के प्रयासों की सराहना की है।

### सिविल लाइन पुलिस ने पीओ पकड़ा

**हिसार।** विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों व बेल जंपरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिविल लाइन पुलिस ने एक पीओ को काबू गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना से एएसआई रणबीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पीओ की पहचान श्याम विहार दिल्ली निवासी सुरेश के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# चानौत जल आंदोलन में आधी रात को बवाल
# ट्रैक्टर मार्च लेकर लघु सचिवालय पहुंचे ग्रामीण

**अनशनकारियों को हटाने की कोशिश का आरोप डीसी के आश्वासन के बाद शांत हुआ प्रदर्शन**








हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

भाखड़ा पेयजल पाइपलाइन से टी-कनेक्शन देकर गांव चानौत को पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग पर पिछले 33 दिनों से जारी आंदोलन बुधवार देर रात उस समय और उग्र हो गया जब प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम एंबुलेंस व चिकित्सकों के साथ धरनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस आमरण अनशन पर बैठे बुजुर्गों को जबरन उठाने आई थी, जबकि प्रशासन का कहना है कि टीम केवल स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंची थी। रात करीब दो बजे हुई इस घटना के बाद गांव में भारी रोष फैल गया।

धरनास्थल पर पुलिस कार्रवाई के विरोध तथा पहले से प्रस्तावित चानौत गांव से सैकड़ों ग्रामीणों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला और 250 से अधिक ट्रैक्टरों का काफिला धरनास्थल से जींद रोड के रास्ते लघु सचिवालय पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरनास्थल कमेटी की मौजूदगी में गांव की सबसे वृद्ध 106 वर्षीय इमरती देवी ने डीसी राहुल नरवाल को ज्ञापन सौंप पानी की मांग की।

### डीसी के सामने रखीं तीन मांगें

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त राहुल नरवाल के समक्ष अपनी तीन मांगें रखी, जिनमें गांव के 35 से अधिक लोगों पर दर्ज मुकदमों, शहर के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन पर टी-कनेक्शन देकर पानी उपलब्ध कराने तथा देर रात धरनास्थल पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर जवाब मांगा। इस पर उपायुक्त ने कहा कि भाखड़ा नहर से हांसी शहर के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन में टी-कनेक्शन लगाने के मुद्दे पर धरना समिति की कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा और महिपाल ढांडा से दो बार बातचीत हो चुकी है। धरना कमेटी मामले की वास्तविक स्थिति से पूरी तरह अवगत हैं और सरकार स्तर पर इस विषय पर विचार किया जा रहा है। ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमों के संबंध में डीसी ने कहा कि पुलिस जांच के दौरान यदि कोई मामला तथ्यहीन या झूठा पाया जाता है तो वह स्वतः ही निरस्त हो जाएगा।

### स्वास्थ्य जांचने गई थी टीम

देर रात पुलिस और प्रशासनिक टीम के धरनास्थल पर पहुंचने के मामले में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम आमरण अनशन पर बैठे बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के उद्देश्य से वहां गई थी। उन्होंने कहा कि अनशन पर बैठे बुजुर्ग समाज के सम्मानित नागरिक हैं और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना प्रशासन की भी जिम्मेदारी है। डीसी द्वारा ग्रामीणों की मांग के अनुरूप जवाब व आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण शांत हुए और जिला सचिवालय में किया जा रहा प्रदर्शन समाप्त कर वापस धरना स्थल पर लौट गए लौट गए।

### प्रशासन ने बंद किए प्रमुख मार्ग

ट्रैक्टर मार्च को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। ग्रामीणों के सचिवालय पहुंचने की संभावना को देखते हुए शहर के अधिकांश प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासन ने केवल जींद रोड के रास्ते ही आंदोलनकारियों के ट्रैक्टरों को शहर में प्रवेश की अनुमति दी। ग्रामीण अन्य मार्गों से सचिवालय पहुंचना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग कर सभी वैकल्पिक रास्ते बंद कर दिए। लघु सचिवालय पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार पर ग्रामीणों की आवाज को अनदेखा करने का आरोप लगाया।

### पुलिस पर ज्यादती के आरोप

गांव चानौत के सरपंच प्रतिनिधि हिमांशु तथा अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि देर रात पुलिस ने आंदोलनकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। उनका कहना है कि पुलिस ने अनशनकारियों को घसीटने का प्रयास किया और कुछ युवाओं के पैरों पर डंडे भी मारे। ग्रामीणों के अनुसार घटना के दौरान भारी धक्का-मुक्की हुई, जिसमें एक डीएसपी की नेम प्लेट भी गिर गई, जिसे बाद में ग्रामीणों ने संभाल कर रखा। इस घटनाक्रम से गांव के 81 वर्षीय अनशनकारी टेकराम की तबीयत भी बिगड़ गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन आंदोलन को दबाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन गांव के लोग पीछे हटने वाले नहीं हैं। दूसरी ओर डीएसपी रविंद्र सांगवान ने ग्रामीणों के आरोपों को सिरे से नकार दिया।

**जानें क्या है पूरा विवाद**

राजली-हांसी पेयजल पाइपलाइन परियोजना के तहत बरवाला क्षेत्र के राजली भाखड़ा हेड से हांसी शहर तक करीब 30 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जा रही है। लगभग 80 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना अमृत योजना के अंतर्गत बनाई जा रही है, जिसका उद्देश्य हांसी शहर में पेयजल संकट को दूर करना है। यह पाइपलाइन चानौत गांव से होकर गुजर रही है। ग्रामीणों की मांग है कि जब पाइपलाइन उनके गांव की जमीन से होकर जा रही है तो गांव को भी इसी लाइन से टी-कनेक्शन देकर पेयजल उपलब्ध कराया जाए। दूसरी ओर प्रशासन का तर्क है कि यह परियोजना विशेष रूप से हांसी शहर की जलापूर्ति के लिए स्वीकृत की गई है और वर्तमान योजना के तहत गांव को इससे जोड़ना संभव नहीं है।

### प्रदर्शन में शामिल होने के बाद बिगड़ी अनशनकारियों की तबीयत

धरना समिति के अनुसार ट्रैक्टर मार्च और प्रदर्शन के बाद आमरण अनशन पर बैठे 81 वर्षीय टेकराम दूहन, राजकुमार धानक तथा दिलबाग दूहन की ज्यादा बिगड़ गई, जिसके चलते धरनास्थल पर मौजूद लोगों में चिंता बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार कई दिनों से अनशन पर रहने, शारीरिक कमजोरी और पिछले दिनों हुए घटनाक्रम के कारण अनशनकारियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि इसके बावजूद उन्होंने चिकित्सकीय सुविधाएं लेने से इंकार करते हुए अपना अनशन जारी रखने का निर्णय लिया है।

### किसी की मौत हुई तो धरना कमेटी पर दर्ज होगा केसः एसपी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा 17 जून की रात अनशनकारियों की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश खोथ, स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकीय टीम तथा पुलिस अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे थे। पुलिस की ओर से डीएसपी रविंद्र सांगवान और थाना सदर प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। प्रशासनिक एवं चिकित्सकीय टीम ने आमरण अनशन पर बैठे व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने का प्रयास किया, लेकिन टीम के पहुंचने पर अनशनकारी धरना स्थल पर मौजूद नहीं मिले। ग्रामीणों के असहयोग के कारण उनका स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रशासनिक, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम शांतिपूर्वक वापस लौट आई। पुलिस अधीक्षक ने आरोप लगाया कि कुछ शरारती तत्व अनशन पर बैठे बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण में बाधा डालकर स्थिति को अनावश्यक रूप से प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि धरना स्थल पर किसी भी अनशनकारी की मौत हुई तो धरना कमेटी के खिलाफ हत्या मुकदमा दर्ज किया जाएगा। किसी भी स्थिति में लॉ एंड ऑर्डर खराब नहीं होने दिया जाएगा।

### दबाव बनाने की कोशिश न करे सरकार : दीपेंद्र

**हांसी।** रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि ग्रामीण महीनों से अपने हक का पानी मांग कर रहे हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों पानी की मांग अनुचित नहीं बल्कि उनका बुनियादी अधिकार है। सरकार पेयजल समस्या का समाधान करने की बजाय की बजाय पुलिस के माध्यम से दबाव बनाकर आंदोलन को समाप्त करवाना चाहती है।

# नवदीप कॉलोनी में 1.75 करोड़ की सड़क परियोजना को मिली मंजूरी

- नगर निगम की फाइनेंस, कॉन्ट्रैक्ट एवं परचेज सब कमेटी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

नगर निगम की फाइनेंस, कॉन्ट्रैक्ट एवं परचेज सब-कमेटी की बैठक में शहर के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वार्ड-19 स्थित नवदीप कॉलोनी और नई नवदीप कॉलोनी में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई, जबकि अन्य विकास कार्यों से जुड़े एजेंडों पर आगामी बैठक में पुनः विचार किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली ने की, जबकि संचालन निगमायुक्त नीरज ने किया। निगमायुक्त नीरज ने नगर निगम की आय-व्यय संबंधी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े एजेंडों पर चर्चा की गई। समिति ने नवदीप कॉलोनी एवं नई नवदीप कॉलोनी में आईपीबी सड़कों के निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान की। इस परियोजना पर लगभग 1 करोड़ 74 लाख 74 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में शहर में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए स्टॉर्म वॉटर ड्रेन और पाइपलाइन बिछाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा मॉडल टाउन क्षेत्र में लूक्स सैलून से गुरुद्वारा तथा एनडी गुप्ता अस्पताल से नारी दुपट्टा पैलेस तक सड़क के आरओडब्ल्यू निर्माण कार्य और बीकानेर स्वीट्स से रेलवे स्टेशन तक सड़क के आरओडब्ल्यू निर्माण प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया।



### कार्य के दौरान टूटने वाले कनेक्शन फिर जोड़ें

समिति ने जल निकासी से जुड़े प्रस्ताव पर कार्य के दौरान टूटने वाले कनेक्शनों को दोबारा जोड़ने का प्रावधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं सड़क निर्माण से संबंधित दोनों प्रस्तावों में स्ट्रीट लाइट और स्टॉर्म वॉटर लाइन की व्यवस्था शामिल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इन आवश्यक प्रावधानों को जोड़ने के बाद संबंधित एजेंडों को अगली बैठक में मंजूरी के लिए पुनः प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में समिति ने अधिकारियों को विकास कार्यों की गुणवत्ता और नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इससे शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जलभराव जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की उम्मीद है। इस दौरान पार्षद डॉ. सुमन यादव, ज्योति वर्मा, कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी, कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक, एमई सुनील लांबा, अकाउंट ऑफिसर राधेश्याम और अकाउंटेंट ज्योति सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी में एक पकड़ा

**हिसार।** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान आजाद नगर स्थित फ्रेंडस कॉलोनी निवासी करण सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में आजाद नगर निवासी दरिया सिंह ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार आजाद नगर निवासी करण सिंह व अजय सिंह उर्फ राजू, जो प्रॉपर्टी का कार्य करते हैं, ने उसके पुत्र संदीप कुमार से लगभग 70 लाख रुपये तथा सेवानिवृत्त सैनिक पवन कुमार से लगभग 53 लाख रुपये प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर प्राप्त कर लिए। आरोपियों ने न तो प्रॉपर्टी उनके नाम करवाई और न ही प्राप्त राशि वापस की। कई बार पंचायत होने के बावजूद आरोपी हिसाब-किताब करने से बचते रहे तथा संपर्क से बाहर हो जाते थे। शिकायत की डीएसपी मुख्यालय ने की। जांच में आरोपियों के विरुद्ध प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी का अपराध पाया गया, जिस पर सिविल लाइन थाना में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी करण सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# बिना अफसर समाधान शिविर, कागज हाथों में लिए भटकते रहे शिकायतकर्ता

- समाज कल्याण विभाग को छोड़कर सभी कुर्सियां खालीं, एसडीएम मांगेंगे जवाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

सरकार के आदेश सख्त, पर धरातल पर सब सुस्त यह बात गुरुवार को उपमंडल परिसर में आयोजित समाधान शिविर में बिल्कुल सच साबित हुई। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हर सोमवार और गुरुवार को समाधान शिविर लगाकर जनता की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जाए, लेकिन नारनौंद में लगा शिविर केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह गया, जहां अधिकारी नदारद रहे और जनता परेशान होती रही। समाधान शिविर में बड़ी संख्या में लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे, लेकिन समाज कल्याण विभाग से सतबीर सिंह और क्रीड विभाग से संदीप कुमार को छोड़कर किसी भी अन्य विभाग का कोई बड़ा अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं था। नतीजतन, लोग अपनी अर्जियां हाथों में थामे एक खिड़की से दूसरी खिड़की भटकते नजर आए। खेड़ी जालब से आईं मीनू और रेनू ने बताया कि वे कई दिनों से फैमिली आईडी में अपनी शिक्षा को अपग्रेड करवाने के लिए चक्कर काट रही हैं। राखी खास के सतबीर और कापड़ो के रोहतास अविवाहित पेंशन के लिए लंबे समय से भटक रहे हैं। ढाणी कुम्हारान की परमवती की लाडो पेंशन और नारनौंद के सतीश की 'विधुर पेंशन' आज तक उनके खाते में नहीं पहुंची है। एसडीएम, विकास यादव ने कहा कि समाधान शिविर में सभी अधिकारियों को पहुंचने के कड़े आदेश दिए गए हैं। जो भी अधिकारी आज के शिविर से नदारद रहे हैं, उन्हें तुरंत रिमाइंडर भेजकर जवाब मांगा जाएगा।



नारनौंद। उपमंडल परिसर में समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीण। *फोटो हरिभूमि*

### समाज कल्याण विभाग ने संभाले रखा मोर्चा

सीएम विंडो एमिनेट पर्सन एवं पूर्व चेयरमैन शमशेर सैनी और सुरेश एमसी भी शिविर का जायजा लेने पहुंचे। अधिकारियों की अनुपस्थिति को देखते हुए उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अफसरों को फोन घुमाए और जल्द समाधान के निर्देश दिए। राहत की बात यह रही कि उन्होंने गांव लोहारी राघो में काफी समय से चले आ रहे पानी के विवाद को दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर मौके पर ही सुलझा दिया। शमशेर सैनी ने कहा कि शिविर में सभी अधिकारियों का होना अनिवार्य है ताकि मौके पर निपटारा हो सके। अधिकारियों की कमी के बीच समाज कल्याण विभाग के सतवीर सिंह ने मोर्चा संभाले रखा। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान गांव मोठ के कलीराम, कापड़ों के बलवान, पाली से सुरेंद्र, कापड़ों के रमेश, कर्मवीर और नारनौंद के सतपाल की पेंशन मौके पर ही मंजूर कर दी गई है। आज जितने भी नए फॉर्म जमा हुए हैं, उनकी पेंशन भी जल्द बनवा दी जाएगी।

**वेदर अलर्ट** — 8.2 एएम बरसात ने गर्मी से मिली राहत, कई इलाकों में जलभराव

# मौसम का यू-टर्न, 10 मिनट की बारिश से 13$^{0}$ लुढ़का पारा

**पुष्पा कॉम्प्लेक्स के पास गाड़ी पर पेड़ गिरा, तेज आंधी के साथ आई बारिश से बिजली गुल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हिसार व आसपास क्षेत्र में गुरुवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक ऐसी करवट बदली कि लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिल गई। दोपहर अढ़ाई बजे तक जिले में 8.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। महज 10 मिनट की इस तेज बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जिसके चलते वाहन चालकों तथा आम लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत उठानी पड़ी। तेज अंधड़ के साथ आई बारिश के कारण शहर में बिजली गुल हो गई।

इस दौरान मॉडल टाउन एरिया में पुष्पा कॉम्प्लेक्स के पास पेड़ गिरने से एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। कैंप चौक ओवरब्रिज पर चढ़ते समय जलभराव के कारण एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार संतुलन बिगड़ने से गिर गया। गुरुवार को दिन की शुरुआत भारी उमस और तेज धूप के साथ हुई थी। सुबह का न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ा, धूप और उमस ने लोगों को बेहाल करना शुरू कर दिया। दोपहर 11:30 बजे तक पारा चढ़कर 37.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मौसम के तेवर देखकर लग रहा था कि दोपहर बाद गर्मी के तेवर और तेज होंगे, लेकिन तभी आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल लिया।



### जानें... कैसा रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से लगातार टर्फ सक्रिय होने से प्रदेश में लगातार मौसम में बदलाव और लगातार प्री मानसून गतिविधियां जारी है। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में उतार चढाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ का असर 20 जून तक रहेगा। इसके पीछे-पीछे एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 21 जून की रात को सक्रिय होने से 22-23 जून को एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और प्री मानसून गतिविधियां देखने को मिलेगी।

### सुबह तीखी धूप, दोपहर बाद अचानक बदला मौसम, झमाझम बरसे बदरा

दोपहर बाद अचानक घने बादल छाए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। हालांकि यह तेज बारिश मात्र 10 मिनट ही चली, लेकिन इसने मौसम को पूरी तरह ठंडा कर दिया। बारिश के चलते दोपहर ढाई बजे तक तापमान में 13 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट आई, जिससे पारा लुढ़ककर 24.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इस बारिश ने जहां एक तरफ लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात दिलाई, वहीं दूसरी तरफ प्रशासन के दावों की पोल भी खोल दी। महज कुछ मिनटों की तेज बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों और मुख्य सड़कों पर भारी जलभराव हो गया। सड़कों पर पानी जमा होने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कैंप चौक ओवरब्रिज पर चढ़ते समय जलभराव ज्यादा होने के कारण कई वाहन बीच पानी में ही बंद हो गए। इस दौरान सड़क के क्षतिग्रस्त होने तथा वहां पर जलभराव के कारण एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार संतुलन बिगड़ने से गिर गया।

# गुजवि के कई नियमित कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन अब 25 जून तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कई नियमित कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जून कर दी है। आवेदक आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि सुधार अथवा संशोधन के लिए 26 जून तक ईमेल के माध्यम से अनुरोध कर सकेंगे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। कुलपति ने बताया कि दाखिलों की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए लिया गया है।

### जानिए... किन कोर्सों के लिए बढ़ाई गई आवेदन तिथि

यह निर्णय सभी एम.टेक., सभी एमएससी, सभी मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी, सभी एम.फार्मा, एमसीए, एमबीए, इंटीग्रेटेड बीबीए-एमबीए, एम.कॉम., एमए (अंग्रेजी), एमए (हिन्दी), एमए (मास कम्युनिकेशन), मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (एमएलआईएस)और एमएलआईएस (लीट), इंटीग्रेटेड बीएससी-एमएससी (योगा साइंस एंड थेरेपी), इंटीग्रेटेड बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी (जियोग्राफी), बीएएलएलबी तथा एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग (एडीसीजीसी) कोर्सों के लिए लागू होगा।



बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।



### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!


एआई इमेज

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को है हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

## मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

## इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रृंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *




**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून

**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'


जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रेक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

# पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!

वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रेक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'


एआई इमेज

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रेक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *


एआई इमेज

कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अकसर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## रंग भरो-204

**रंग भरो-204** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आयांश, दुर्ग


पलक, अटेली मंडी


नंदिनी, उमरिया


साक्षी, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा


सिद्धि, राजनांदगांव

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**

## बाइक चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर लिया

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। एएसआई शर्मीला ने बताया कि थाना शहर में मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी भैणी चन्द्रपाल निवासी अनिल की संलिप्तता सामने आई थी, जो किसी अन्य मामले में जिला कारागार में बंद था। पुलिस टीम ने अदालत से प्रोडक्शन वारंट लेकर आरोपी अनिल को गिरफ्तार किया।

## एसडीएम कार्यालय में लगाया शिविर

**हांसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिला प्रशासन की ओर से जिला सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने आम नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान किया। एसडीएम हांसी राजेश खोथ ने बताया कि शिविर में समाज कल्याण विभाग, जिला कल्याण विभाग, रोजगार विभाग, बिजली निगम, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) शाखा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

## योग कार्यक्रम एवं पायलट रिहर्सल आज

**हिसार।** आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में 19 जून को प्रातः 6:30 बजे से 8 बजे तक राजगढ़ रोड स्थित ठाकुर दास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योग कार्यक्रम एवं पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के प्रति लोगों को प्रेरित किया जाएगा। ।

## गांव लाडवा में लगाया योग प्रशिक्षण शिविर

**हिसार।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गांव लाडवा स्थित हैंडबॉल एकेडमी में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर एवं जन-जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हैंडबॉल टीम के खिलाड़ियों एवं बच्चों को योगाभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग में कार्यरत आयुष योग सहायक विजेंद्र, मुकेश एवं कुलदीप ने प्रार्थना मंत्र के साथ योग सत्र का शुभारंभ किया। इसके उपरांत शिथिलीकरण अभ्यास के अंतर्गत ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन तथा घुटना संचालन करवाया गया। योगासन सत्र में प्रतिभागियों को ताड़ासन, पादहस्तासन, भद्रासन, भुजंगासन, मकरासन, शवासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम तथा शीतली प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया।

## 21 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 7 बजे से 7:45 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रहेगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### यूनियनों ने बैठक कर जताया विरोध, दी चेतावनी

# जीएम को मांगपत्र देने के दो माह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा रोडवेज साझा संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि डिपो महाप्रबंधक को 29 अप्रैल को दिए गए मांगपत्र पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। महाप्रबंधक के इस रवैये पर कर्मचारी वर्ग में रोष है और उन्होंने कड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में साझा संघर्ष समिति की विशेष बैठक डिपो कर्मशाला में हुई, जिसमें महाप्रबंधक के रवैये पर रोष जताया गया। बैठक में मौजूद साझा संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि गत पांच जून को मुख्यालय से संयुक्त निदेशक, सांझा मोर्चा व हिसार उपायुक्त की ओर से भेजे गए एसडीएम की मध्यस्थता में 15 दिन का समय मांगा गया था जो 21 जून को पूरा हो रहा है इसके उपरांत कर्मचारियों की वित्तीय भत्तों की अदायगी समय पर नहीं की गई तो आगे की रणनीति बनकर बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से डिपो महाप्रबंधक व हिसार प्रशासन की होगी।



हिसार। धरने को संबोधित करते समिति के नेता। फोटो : हरिभूमि

**मोर्चा से बाहर की यूनियनों को भी बुलाएंगे**

बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 जून को राज्य स्तरीय साझा मोर्चा तथा साझा मोर्चा से बाहर की यूनियनों के राज्य प्रधानों एवं महासचिवों को भी साझा संघर्ष समिति द्वारा आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी यूनियनों के राज्य स्तरीय पदाधिकारी एवं साझा संघर्ष समिति हिसार संयुक्त बैठक कर महाप्रबंधक हिसार की कार्यशैली तथा कर्मचारियों के लंबित वित्तीय एवं अन्य भत्तों के मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

**35वें दिन भी जारी रहा धरना**

कर्मचारियों का धरना 35वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अजय दुहन ने की जबकि मंच संचालन अरुण शर्मा ने किया। वक्ताओं ने कर्मचारियों से एकजुट रहने और अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। साझा संघर्ष समिति के प्रेस प्रवक्ता संदीप जैनावास ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित वित्तीय भत्तों का जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को एकजुट रहकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर सभी यूनियनों के प्रधान बजरंग लाखा, अमित जुगलान, कर्मवीर मसूदपुर, जितेन्द्र श्योकंद, अनूप श्योकंद, पवन कलोह, जोगेंद्र पंघाल, मंजीत सोरखी, नरेंद्र खरड़, राजेश सेलवाल व रमेश प्रभवाला आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



हांसी। प्रदर्शनी का अवलोकन करते विधायक विनोद भयाना व अन्य।

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का माध्यम

**हांसी।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसी के विवेकानंद सभागार में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। विधायक विनोद भयाना ने कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने देश के विकास के नए शिखर पर पहुंचाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद श्योराण ने भी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी नीतियों एवं शिक्षा विभाग की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रतियोगिताओं के परिणामों में एसबीएस माढ़ा के विद्यार्थियों ने प्रथम तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मसूदपुर के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग एवं चित्रकला प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसी, मुल्तान नगर कॉलोनी उच्च विद्यालय हांसी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय दयाल सिंह कॉलोनी तथा टैगोर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौंद के विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया।

## नीट : धारा 163 के तहत आदेश जारी

**हिसार।** जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए 21 जून 2026 को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होने वाली नीट यूजी के मद्देनजर जिले में विशेष प्रतिबंध लागू किए हैं। जारी आदेशानुसार परीक्षा केंद्रों के भीतर तथा उनके 200 मीटर के दायरे में हथियार जैसे आग्नेयास्त्र, लाठी, तलवार, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, गंडासा, चाकू एवं अन्य घातक हथियार को ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। इसके अतिरिक्त परीक्षा दिवस 21 जून को सुबह 8 बजे से शाम 6:15 बजे तक जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों, अन्य सरकारी कर्मचारियों तथा धार्मिक प्रतीक के रूप में धारण किए जाने वाले म्यानबद्ध कृपाण पर लागू नहीं होगा।

## गुरुद्वारा साहिब समिति ने मनाया गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी पर्व

**हिसार।** प्रबंधक कमेटी बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा सेवा समिति की ओर से पटेल नगर आठ मरला कालोनी में स्थित गुरुद्वारा साहिब में बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाया पंचम पातशाही गुरु अर्जुन देव महाराज जी का शहीदी पर्व। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब में सुखमणी साहिब के पाठ किए गए व गुरुघर से जुड़ी बीबियों ने गुरुबाणी के मधुर शब्दों से उपस्थित संगतों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर कमेटी के प्रधान हरमिंन्द्र सिंह सूबेदार व महासचिव भूपेंद्र पाहवा ने उपस्थित साध संगतों को पंचम पातशाही गुरु अर्जुन देव महाराज जी का इतिहास बताते हुए कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने सुखमणी साहिब संरचना की व गुरु ग्रन्थ साहिब पोथी साहिब का हरमिंदर साहिब(अमृतसर) में प्रकाश करवाया।

गुरु अर्जन देव जी ऐसे महान गुरु हुए हैं, जिनके अनमोल विचार समस्त मानव जाति को सत मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। हमें गुरु महाराज जी द्वारा दिखाएं दिखाए भलाई के मार्गो से हमें प्रेरणा लेकर उनके उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए। इसके अलावा गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रन्थि सरदार सवर्ण सिंह ने सरबत की भलाई के लिए अरदास की। इस मौके पर सूबेदार हरमिंदर सिंह, भूपेंद्र पाहवा, सरदार मखन सिंह, अजय पाहवा, कुलदीप सिंह, चंद्रभान गांधी, देवेंद्र सिंह मान, सौरभ सिंह गिरधर, खुशपाल सचदेवा, लखपाल सिंह, सुरजीत चावल, रणजीत सिंह, वंश, चिराग, सुजल, हर्षित पाहवा, पुष्कर, इंद्र जीत सिंह सिंधु, बलविंद्र चावला, हेमंत जग्गा, सुजल पाहवा व दिव्यांश गांधी ने अपनी सेवाएं दीं।



हिसार। गुरुद्वारा साहिब में उपस्थित साध संगतों को निहाल करतीं उपस्थित संगतें।

## अनुमति बगैर अवकाश स्टेशन छोड़ने पर पाबंदी

**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत मतदाता सत्यापन अभियान 14 जुलाई 2026 तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने के साथ-साथ एनुमरेशन फॉर्म भरवाने का कार्य कर रहे हैं।उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त महेंद्र पाल ने मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अनुमति के बिना अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाश व स्टेशन छोड़ने पर पाबंदी लगाई है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण एक महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य है। इसमें कोई भी कोताही न बरतें। उपायुक्त ने निर्वाचन पंजीयन अधिकारी व सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के साथ-साथ बीएलओ सुपरवाईजरों को भी प्रतिदिन किए गए कार्यों की रिपोर्ट तैयार कर उन्हें भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ का पूर्ण सहयोग करें।





हिसार। अग्रोहा रोड पर स्थित तिरुपति धाम का भव्य दृश्य। फोटो : हरिभूमि

## तिरुपति धाम में ज्येष्ठाभिषेक उत्सव 28 को, पूरे उत्साह के साथ चल रही तैयारी

**हिसार।** तिरुपति बालाजी धाम में 28 जून के ज्येष्ठाभिषेक उत्सव की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ जारी हैं। पूरे विधान व मंत्रोच्चारण के साथ दूध, दही, घी, शहद व गंगाजल आदि से भगवान तिरुपति का महाभिषेक किया जाएगा। इस आलौकिक महाभिषेक के दर्शनों के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु तिरुपति धाम पहुंचेंगे। इस दौरान 81 कलशों से होगा भगवान तिरुपति का महाभिषेक किया जाएगा। ज्येष्ठाभिषेक उत्सव के लिए बाकायदा यजमान बनाए जा रहे हैं।

सभी पुरुष यजमान धोती-कुर्ता व माताएं साड़ी धारण करके महाभिषेक के दौरान पूजा में हिस्सा लेंगी। ज्येष्ठाभिषेक उत्सव में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं को धाम में स्थापित वेंकटेश भगवान, पद्मावती माता, गोदांबा माता, गरुड़, लक्ष्मी नृसिंह, सुदर्शन, रामानुज स्वामी, शठकोप स्वामी, वरवर मुनि एवं हनुमान के मंदिरों के भी दर्शन का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही 42 फुट ऊंचे सोने के गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम्, तिरुपति यज्ञशाला, श्रीनिवास गोशाला एवं पवित्र पुष्करणी के भी भक्त दर्शन कर पाएंगे। 71 फुट ऊंचे गोपुरम की नक्काशी व भव्यता का अवलोकन करके भक्तगण आश्चर्यचकित रह जाएंगे। तिरुपति धाम में 28 जून को भगवान तिरुपति का 81 कलशों से महाभिषेक होगा। विशेष बात है कि 81 कलशों के लिए यजमान बनाए जा रहे हैं। ये सभी यजमान महाभिषेक में विशेष भूमिका निभाएंगे। 28 जून को प्रातः 10 बजे पूरे विधि-विधान से भगवान तिरुपति का महाभिषेक शुरू होगा।

## स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

**बरवाला।** सत्र 2026-27 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तक बढ़ा दी गई है। राजकीय महाविद्यालय बरवाला के प्राचार्य अनूप सिंह ढांडा ने कहा कि महाविद्यालय में बीए 320 सीटें, बी.कॉम. 240 सीटें, बीएससी 100 सीटें तथा बीबीए 60 सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विद्यार्थी प्रवेश पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य अनूप सिंह ढांडा ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं तथा व्यक्तित्व विकास के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बी.कॉम. और बी.बी.ए. पाठ्यक्रम वाणिज्य, बैंकिंग, वित्त, प्रबंधन, विपणन, उद्यमिता तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर करियर संभावनाएं प्रदान करते हैं। बी.ए. और बी.एससी. के विद्यार्थी भी उच्च शिक्षा एवं विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## हिसार की मधु सहित 11 खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री सैनी से की मुलाकात



**हिसार।** प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर विश्व पटल पर हरियाणा का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों ने हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य एवं हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव डॉ. युद्धवीर के नेतृत्व में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके सरकारी आवास संत कबीर कुटीर, चंडीगढ़ में शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए भविष्य में योगासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री से योगासन खेल को हरियाणा की खेल नीति में शामिल करने तथा योगासन खिलाड़ियों को अन्य खेलों के खिलाड़ियों के समान सुविधाएं उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया। खिलाड़ियों ने कहा मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद उन्हें मिलता रहा तो वे विश्व स्तर पर हरियाणा का नाम और अधिक गौरवान्वित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने इस मुलाकात को अत्यंत सकारात्मक बताते हुए कहा कि हरियाणा सरकार योग एवं योगासन के विकास के लिए जिला योगासन खेल संघ, हिसार के मीडिया डायरेक्टर सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारतीय टीम का हिस्सा बनकर हरियाणा के 11 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का मान बढ़ाया है। इन खिलाड़ियों में हिसार की मधु वर्मा, जींद के अभिषेक एवं विकास लाठर, पानीपत की देवी, फरीदाबाद की मनीषा, सोनीपत की देवांशी एवं सृष्टि, करनाल के सुमित, गुरुग्राम के अर्जुन, पंचकूला के हरिशंकर तथा बिजेन्द्र सिंह शामिल हैं।

## एसआईआर : हरियाणा में पहले नंबर पर हांसी, 39% वोटरों तक पहुंचा फार्म

**हांसी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) अभियान में हांसी जिला पूरे हरियाणा में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। हांसी के एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी राजेश कोथ ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 जून से शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। 18 जून सुबह 10 बजे तक हांसी विधानसभा क्षेत्र में 39 प्रतिशत मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाए जा चुके थे, जबकि नवीनतम आंकड़ों के अनुसार यह प्रतिशत बढ़कर 42 तक पहुंच गया है। एसडीएम ने बताया कि हांसी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 24 हजार 464 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 42 प्रतिशत मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। वहीं नारनौंद विधानसभा क्षेत्र में यह कार्य और भी तेज गति से चल रहा है तथा वहां 53 प्रतिशत फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि पूरे हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में नारनौंद विधानसभा क्षेत्र एसडीएम विकास यादव के नेतृत्व में प्रथम स्थान पर है, जबकि हांसी विधानसभा क्षेत्र शीर्ष आठ क्षेत्रों में शामिल होकर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। राजेश कोथ ने बताया कि यदि जिला स्तर पर प्रदर्शन की बात करें तो हरियाणा के 23 जिलों में हांसी जिला इस अभियान में पहले स्थान पर चल रहा है। निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट में भी इस उपलब्धि का उल्लेख किया गया है।



हांसी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते एसडीएम राजेश खोथ।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा व्यापक अभियान : डीसी नरवाल

**हांसी।** प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला हांसी में भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वीरवार को खरकड़ा गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ।

**12 जून से किसानों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण, 20 जून तक चलेगा सिलसिला**

जागरूकता शिविर में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि प्राकृतिक खेती आज समय की आवश्यकता बन चुकी है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से जहां भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है, वहीं पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में प्राकृतिक खेती किसानों के लिए एक बेहतर विकल्प बनकर उभर रही है, जिससे उत्पादन लागत में कमी आने के साथ-साथ भूमि की गुणवत्ता में सुधार होगा और फसलें अधिक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण होंगी।

इसके साथ ही 12 से 20 जून तक जिले में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें किसानों को प्राकृतिक खेती की बारीकियों, जैविक खादों के उपयोग, देसी विधियों से कीट नियंत्रण तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण शिविरों में किसानों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। किसान कार्यक्रम में पूरी जानकारी हासिल कर रहे हैं।



हिसार। खिलाड़ियों एवं कोच के साथ उपस्थित विधायक रणधीर पनिहार।

## स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का विधायक रणधीर ने किया भव्य स्वागत

**हिसार।** बांग्लादेश में आयोजित आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल प्रतियोगिता में भारतीय जूनियर एवं यूथ हैंडबॉल टीम द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने खिलाड़ियों एवं कोच का गर्मजोशी से स्वागत किया। हिसार पहुंचने पर भारतीय हैंडबॉल टीम के कप्तान विपुल, प्रिंस साहू, नक्श कसवां तथा टीम के कोच अनूप कसवां को विधायक रणधीर पनिहार ने मिठाई खिलाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का गौरव बढ़ाया है। स्वर्ण पदक जीतना केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे देश, प्रदेश और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है कि आज भारत खेलों के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों की यह सफलता आने वाली पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करेगी तथा क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेलों में आगे बढने का उत्साह देगी। विधायक पनिहार ने सभी खिलाड़ियों एवं कोच अनूप कसवा को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

# कांग्रेस ने जारी की ब्लॉक अध्यक्षों की सूची

- हिसार जिले के छह ब्लॉक अध्यक्षों में एक भी महिला नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कांग्रेस ने संगठन का मजूबत करने के लिए जिलाध्यक्षों के बाद अब ब्लॉक अध्यक्षों की भी घोषणा कर दी है, लेकिन इसमें कांग्रेस ने करीब 12 साल लगा दिए। कांग्रेस हाईकमान ने हिसार के छह ब्लॉकों के अध्यक्षों की घोषणा की है, लेकिन इनमें एक भी महिला शामिल नहीं है। पार्टी हाईकमान की तरफ से जारी सूची में हिसार प्रथम ब्लॉक से जगदीश इंदौरा, हिसार द्वितीय से भीम सिंह, आदमपुर से कुलदीप सिंह, उकलाना से नफेसिंह पूनिया, बरवाला ग्रामीण से सरवन सिंह तथा नलवा से रमेश श्योराण का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। बता दें कि पिछले 12 साल से कांग्रेस बिना संगठन के ही चल रहा था। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जरूर बदलते रहे, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेताओं की आपसी खींचतान व गुटबाजी के चलते जिला व ब्लॉक स्तर पर संगठन के पदाधिकारियों की सूची जारी नहीं हो सकी। कांग्रेस भवन में गुरुवार को जिले के नए ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत किया गया। नलवा से पूर्व प्रत्याशी रहे अनिल मान नलवा के साथ आए नलवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश श्योराण एवं हिसार-प्रथम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश इंदौरा का फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।



हिसार। ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत करते कांग्रेसजन। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे उपस्थित**

कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा है कि पार्टी ने जमीनी स्तर पर लंबे समय से कार्य कर रहे समर्पित कार्यकर्ताओं को ब्लॉक अध्यक्षों की जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेश संदलाना, पूर्व प्रदेश ओबीसी उपाध्यक्ष सुभाष प्रजापति, आदित्य मान, रामफल सिंह, गाड़ सिंह दहिया कैमरी, रमेश धीरनवास, चंद्रशेखर भुक्कल, जिला कार्यालय सचिव अनिल बिश्नोई सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



हिसार। श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

## हाथ पर प्रज्ज्वलित ज्योति के दर्शन के लिए बीड़ बबरान धाम में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में माथा टेका और बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा द्वारा हथेली पर प्रज्ज्वलित ज्योति के दर्शन किए। इसके साथ ही उन्होंने श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ में हिस्सा लेकर श्याम बाबा का गुणगान किया। जनकल्याण के लिए एवं भक्तों के कष्टों के निवारण के लिए बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा 11 दिन तक लगातार हथेली पर ज्योति जगाते हुए श्याम बाबा की आराधना करेंगे। यह 11 दिवसीय अनुष्ठान 25 जून तक जारी रहेगा। श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ के दौरान भजन गायकों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा के ओजस्वी चरित्र से रूबरू करवाया और बाबा की महिमा का गुणगान किया। महिमा सुनकर श्रद्धालु श्याम बाबा की जय का उदघोष करने लगे और पूरा धाम श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा।

## एचएमडीए के सीईओ के लिए लिंक अफसर नामित

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हिसार महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के लिए लिंक अधिकारियों की नियुक्ति की है।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, एचएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के लिए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए), सोनीपत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को लिंक अधिकारी-1 नियुक्त किया गया है। हिसार के मंडल आयुक्त को लिंक अधिकारी-2 तथा रोहतक के मंडल आयुक्त को लिंक अधिकारी-3 नामित किया गया है। यदि संबंधित अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी अथवा किसी अन्य कारण से अनुपस्थित रहते हैं या सेवानिवृत्ति अथवा स्थानांतरण के कारण पद रिक्त हो जाता है, तो निर्धारित लिंक अधिकारी उनका कामकाज देखेंगे। संबंधित अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे अथवा चुनाव ड्यूटी पर जाने से पूर्व निर्धारित लिंक अधिकारियों को सूचना देंगे।

## खबर संक्षेप

### 600 लीटर लाहन और 40 लीटर कच्ची शराब की नष्ट

**हिसार।** स्वेट टीम-1 एवं डॉग स्क्वॉड टीम द्वारा संयुक्त रूप से गांव पीरांवाली में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम को अवैध शराब निर्माण से संबंधित 600 लीटर लाहन तथा 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। जिसे पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि जिले में नशा एवं अवैध शराब तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने गांव पीरांवाली सहित जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे नशे और अवैध शराब के कारोबार से दूर रहें तथा इस प्रकार की किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### 9.76 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा आरोपी

**हिसार।** एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने मादक द्रव्य अधिनियम के तहत एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस ने अग्रोहा के पास पकड़े गए रविदास चौपाल अग्रोहा निवासी नरेश उर्फ नेशा से 9 ग्राम 760 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। एंटी नारकोटिक सैल के प्रभारी उप निरीक्षक इन्द्र सिंह ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक उपेन्द्र सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त, अपराध नियंत्रण एवं नशा तस्करी की रोकथाम के संबंध में अग्रोहा पुल के पास मौजूद थे। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करके उससे 9 ग्राम 760 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से लड़ाई झगडे के 5 मामले है दर्ज।

### ओशो ध्यान उपवन में योग और ध्यान शिविर 21 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर योग व ध्यान पर आधारित विशेष आयोजन किया जाएगा। प्रातः 6.30 बजे से प्रातः 10 बजे तक साधकों को विभिन्न सत्र में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। इस दौरान प्रातः 6.30 बजे से प्रातः 7.30 बजे तक प्रथम सत्र में योगाचार्य भगत सिंह योगी साधकों को योग क्रियाएं करवाएंगे और इसके साथ ही योग का महत्व भी समझाएंगे। दूसरे सत्र में प्रात 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक स्वामी संजय साधकों को ध्यान करवाएंगे। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि ओशो ध्यान उपवन साधकों के मार्गदर्शन के लिए हमेशा तत्पर है।

### वानप्रस्थ में हृदय एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**हिसार।** वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न क्लब में सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल के सहयोग से एक विशाल निःशुल्क हृदय एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अविराज चौधरी तथा वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. मोहित जिंदल ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य मरीजों की ब्लड शुगर, रक्तचाप, ईसीजी, ऑक्सीजन सैचुरेशन, हीमोग्लोबिन (एचबी) सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गईं। प्रत्येक मरीज का विस्तार से स्वास्थ्य परीक्षण किया, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई।

## डीसी ने दिए समस्याओं को समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश

# पंचायत एवं विकास विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें पेंडिंग

**उपायुक्त महेंद्र पाल ने समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं**

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में गुरुवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने आमजन की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के समाधान की दिशा में कुछ विभागों को त्वरित एक्शन लेने की आवश्यकता है। पंचायत एवं विकास विभाग की 47, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की 39, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की 31, सिंचाई एवं जल सेवाएं विभाग की 23, एचएसवीपी की 13 तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग की 15 शिकायतें लंबित हैं। इन विभागों के अधिकारियों को हिदायत दी गई कि वे जल्द से जल्द लंबित शिकायतों का निपटारा करें।



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### जिम्नास्टिक हॉल खाली कराने की गुहार

जिम्नास्टिक एवं वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने प्रेक्टिस हॉल को खाली करवाने एवं युवा स्पोर्ट्स क्लब खासा महाजन की तरफ से युवा खिलाड़ियों के लिए खेल सुविधाओं व अन्य खेल सामग्री की मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिला खेल अधिकारी को खिलाड़ियों के समक्ष आ रही समस्या का उचित समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसीयुटी विवेक यादव, एसडीएम ज्योति मित्तल, सीटीएम रोहित कुमार, जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र, डीडीपीओ नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दयानंद ऋषि विहार में सीवरेज व पेयजल समस्या

गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में दयानंद ऋषि विहार निवासियों ने सीवर, पेयजल, एवं क्षतिग्रस्त हुए गलियों से संबंधित शिकायत पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी समस्याओं का मौका मुआयना कर आगामी कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित करें।

# मॉडल टाउन हांसी में बारिश की सीजन में जलभराव की समस्या

■ बारिश व तेज अंधड़ से हुए नुकसान के लिए मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏩ हांसी

लघु सचिवालय परिसर में गुरुवार को नायब तहसीलदार सुरेश कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शिविर में जेपी यादव ने मॉडल टाउन हांसी में बारिश के पानी के कारण होने वाले जलभराव की समस्या उठाते हुए पानी की निकासी और ड्रेन की सफाई करवाने की मांग की। सिसाय गांव निवासी सुशील ने सिंचाई के लिए टूटी खाल को दोबारा बनवाने की शिकायत दर्ज करवाई। वहीं मिर्जापुर निवासी राजबीर ने भी अपने क्षेत्र में खाल निर्माण करवाने की मांग रखी। खरकड़ा निवासी मंजीत ने आंधी और बारिश के कारण उनकी सैलून की दुकान गिरने से हुए नुकसान पर मुआवजा दिलाने की मांग की, जबकि ढाणा खुर्द निवासी शर्मिला ने तेज आंधी और बारिश में मकान गिरने पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की गुहार लगाई।



हांसी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते नायब तहसीलदार सुरेश कुमार

### संजय मित्तल अध्यक्ष व संदीप मित्तल सचिव बने

**हिसार।** भारत विकास परिषद हरियाणा पश्चिम प्रांत के शहर की पांचवीं व जिले की दसवीं श्री श्याम शाखा का गठन किया गया। भाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन के सानिध्य में यह चुनाव गुजवि में हुआ। जिला समन्वयक ऋषिराज बुडाकिया ने बताया की श्री श्याम शाखा का सर्वसम्मति से संजय मित्तल को अध्यक्ष एवं संदीप मित्तल को सचिव बनाया गया। इसके अलावा उपस्थित सदस्यों से विचार विमर्श करने के उपरांत गजानंद गर्ग को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय सचिव राकेश शर्मा ने नवनियुक्त पीएसटी को दायित्व ग्रहण कराया।

## अपने और परिवार के लिए जहर मुक्त खेती करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौंद

गांव खांडा खेड़ी के शहीद भरत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे 15 दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आठवें दिन गुरुवार को जिला युवा प्रभारी हरपाल नंबरदार ने शुभारंभ किया। हांसी जिला प्रभारी वेद प्रकाश आर्य ने ओम का उच्चारण करवाकर योग के अभ्यास करवाए। जिला सोशल मीडिया प्रभारी योग शिक्षक बिजेंद्र आर्य ने सूर्य नमस्कार व 21 जून के योग प्रोटोकॉल का सभी योग साधकों को सभी आसनों व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि हमें अपने व अपने परिवार के लिए जहर व विषमुक्त खेती खेती करनी चाहिए। सभी योग साधकों को कहा कि एक शब्द होता है अपरिग्रह जिसका अर्थ होता है कि अनावश्यक चीजों का संग्रह करना। हमें अपने घर पर और जीवन में आवश्यकता वाली चीजें रखें। अनावश्यक चीजों के संग्रह करने से बचे। हम कम से कम अपनी व अपने परिवार के लिए जहर मुक्त खेती करने का संकल्प लें।

# दूषित पेयजल का सेवन करने पर मजबूर किरतान के ग्रामीण

■ कई बार अवगत करवा चुके अफसरों को

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

नजदीकी गांव किरतान के ग्रामीण काफी समय से दूषित पेयजल का सेवन करने पर मजबूर हैं। उनका कहना है पिछले काफी समय से पेयजल की सप्लाई दूषित आ रही है। कई बार अफसरों को अवगत कराया लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस है। यह स्थिति पिछले 8-10 महीने से यही चल रही है। युवा क्लब के प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि गांव के जलघर की दीवार गिरी हुई है लेकिन विभाग का इस बारे कोई ध्यान नही है। जब नहर का पानी इसमें डाला जाता है तो पाइप टूटे होने के कारण सारी मिट्टी इसमें आती है, जिससे सारा पानी गंदा हो जाता है। जब बारिश आती है तो चारो साईड की गंदगी इस टैंक मे आती हैं। गंदगी होने से पेयजल दूषित हो जाता है जिससे स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। जन स्वास्थ्य विभाग को कई बार अवगत कराया। इसके चलते लोगों को दूषित पेयजल का सेवन करना पड़ रहा है।




हिसार। टूटी दीवार व खराब पेयजल दिखाते ग्रामीण।

# बास मंडी के संपर्क मार्ग जल्द होंगे पक्के

## किसानों को मंडी तक फसल लाने में न हो परेशानी : शमशेर मोर

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौंद

किसानों को अपनी फसल लेकर अनाज मंडी तक पहुंचने में किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सरकार द्वारा ग्रामीण रास्तों को पक्का करने की मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में बास अनाज मंडी के मुख्य संपर्क मार्गों को पक्का करवाने के लिए बास मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर ने गुरुवार को चंडीगढ़ में हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल सिंह से विशेष मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उनके सामने रखते हुए बताया कि गांव बास की अनाज मंडी में आने-जाने के लिए किसानों को कच्चे रास्तों के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मोर ने मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन से मुख्य रूप से बास से पुट्ठी, बास से थुराना और राजथल से कागसर के पांच करम के रास्तों को पक्का करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इन तीनों रास्तों के पक्का हो जाने से आसपास के दर्जनों गांवों के किसानों को मंडी पहुंचने के लिए एक सुगम और सीधा रास्ता मिल जाएगा।



नारनौंद। मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल को गुलदस्ता भेंट करते चेयरमैन शमशेर।

### मार्ग होंगे चौड़े

मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर ने बताया कि इन गांव के लोगों ने ये समस्या प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के सामने रखी थी। उन्हीं के प्रयास से चंडीगढ़ में मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात कर तीनों रास्तों के लिए मांग रखी हैं। चेयरमैन वेदपाल सिंह से आश्वासन मिला है कि अगली लिस्ट में तीनों रास्तों को 18 फुट का पक्का कर दिया जाएगा।

# सुरक्षा मानकों को लेकर पुलिस ने दिए निर्देश

## एसपी ने विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी बैंक प्रबंधकों, ज्वेलरी शोरूम संचालकों, शराब ठेका संचालकों, पेट्रोल पंप मालिकों, मेडिकल/केमिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, प्रधान कमीशन एजेंटों तथा होटल एवं रेस्टोरेंट मालिकों ने भाग लिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सभी संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ सुरक्षा प्रबंधों को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा उन्हें अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा मानकों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सुरक्षा के प्रति सतर्कता एवं तकनीकी संसाधनों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने सभी संस्थानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा अलार्म सिस्टम, आपातकालीन संपर्क नंबरों का प्रदर्शन तथा कर्मचारियों के सत्यापन जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आह्वान किया।



हिसार : बैठक को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक।

### सभी प्रतिनिधियों ने किया सहयोग

एसपी ने कहा कि पुलिस एवं नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है तथा आमजन के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सिंधु दर्शन यात्रा के लिए सीएम को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिमालय परिवार एवं सिंधु दर्शन यात्रा समिति, नई दिल्ली तथा लद्दाख विश्वविद्यालय, लेह के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सिंधु दर्शन यात्रा के संदर्भ में हिमालय परिवार की राष्ट्रीय महासचिव और प्रवासन एवं विस्थापन सभ्यता अध्ययन केंद्र, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की उप निदेशक डॉ. मोनिका ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित किया। इस अवसर पर डॉ. मोनिका ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार केवल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा का अग्रणी केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, सभ्यता विमर्श तथा राष्ट्रीय एकात्मता से जुड़े विषयों पर भी निरंतर महत्वपूर्ण अकादमिक पहल कर रहा है। इसी क्रम में विवि द्वारा हिमालय परिवार, सिंधु दर्शन यात्रा समिति एवं लद्दाख विश्वविद्यालय के सहयोग से लद्दाख में राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सिंधु दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।



हिसार। राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सिंधु दर्शन यात्रा के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आमंत्रण देती डॉ. मोनिका।



### नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी का स्वागत

**हिसार।** भाजपा नलवा हलके के स्याहडवा मंडल के नलवा गांव में हरियाणा वन विकास निगम के नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी का स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी ने स्वागत के लिए पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## जलवायु अनुकूल प्रत्यक्ष बिजित धान को बढ़ावा देने में समझौते की रहेगी अहम भूमिका

# एचएयू व एफएओ, बैंकॉक के बीच हुआ महत्वपूर्ण समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

वैश्विक पर्यावरण सुविधा-7 की फूड सिस्टम, लैंड यूज़ एंड रेस्टोरेशन परियोजना के अंतर्गत जलवायु-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए यहां के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) बैंकॉक के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते का उद्देश्य जैविक बीज उपचार तकनीकों के माध्यम से प्रत्यक्ष बिजीत धान को बढ़ावा देना तथा किसानों को जलवायु-अनुकूल एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोडऩा है। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों में एफएओ के एशिया एवं प्रशांत क्षेत्रीय कार्यालय बैंकॉक के लीड टेक्नीशियन ऑफिसर एवं उनकी टीम तथा एफएओ इंडिया के अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित रहे। इस टीम में बैंकॉक के लीड टेक्नीकल ऑफिसर ब्यू डेमन, सीनियर टेक्नीकल ऑफिसर जितेंद्र जायसवाल, टेक्नीकल ऑफिसर समीर कार्की, एग्रोनॉमिस्ट डॉ. मैथ्यू चैम्पनेस, नेशनल टेक्नीकल कॉर्डिनेटर विनय सिंह व एफएओ एग्रोनॉमिस्ट डॉ. अशोक कुमार शामिल हैं।



हिसार। कुलपति के साथ एफएओ प्रतिनिधि मंडल के सदस्य एवं अधिकारी।

### चयनित क्षेत्रों में प्रदर्शन प्लॉट स्थापित किए जाएंगे

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि प्रत्यक्ष बिजीत धान तकनीक, परंपरागत धान रोपाई की तुलना में कम पानी, कम श्रम और कम लागत लेती है। उन्होंने बताया कि जैविक बीज उपचार अपनाने से बीजों की अंकुरण क्षमता में सुधार होगा, पौधों की प्रारंभिक वृद्धि बेहतर होगी तथा रासायनिक उपचारों पर निर्भरता कम होगी। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। इस परियोजना के अंतर्गत किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन तथा प्रदर्शन कार्यक्रमों के माध्यम से आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। एफएओ और हकृवि के संयुक्त प्रयासों से इस परियोजना के तहत चयनित क्षेत्रों में प्रदर्शन प्लॉट स्थापित किए जाएंगे तथा किसानों को प्रत्यक्ष बिजीत धान की उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस पहल से जल संरक्षण, भूमि की उत्पादकता में सुधार तथा टिकाऊ खाद्य प्रणालियों के विकास को बढ़ावा मिलेगा। कुलपति की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व एफएओ की तरफ से टाकायूकी हेगीवारा ने हस्ताक्षर किए।

